संपादक :- रंजीत सिंह

RNI No-UPHIN/2001/03844

साप्ताहिक

# राष्ट्रीय मानवाधिकार

संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com

वर्ष : 26 अंक : 45 मेरठ, मंगलवार, 24 फरवरी 2026 पृष्ठः 04 मूल्य : एक रूपया



# विधायक ने 1265.85 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़कों के निर्माण कार्य की शुरुआत

- 19.18 किलोमीटर लंबी सड़कों के निर्माण से गांवों की कनेक्टिविटी होगी मजबूत
- सड़कों के सुधार से आवागमन होगा आसान, आर्थिक गतिविधियों को मिलेगी रफ्तार





» साहिबज़ादा। एजेंसी

हल्का विधायक कुलजीत सिंह रंधावा द्वारा आज विधानसभा क्षेत्र डेराबस्सी के अंतर्गत विभिन्न गांवों में 1265.85 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 19.18 किलोमीटर लंबाई की सड़कों के निर्माण कार्य की शुरुआत करवाई गई।

विधायक रंधावा ने बताया कि क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए गांवों की लिंक सड़कों, फिरनियों और अन्य विकास कार्यों की शुरुआत की गई है। इसके तहत गांव मल्कपुर से गांव जौला कलां श्मशानघाट एवं फिरनी तथा गांव जास्तना खुर्द तक लिंक सड़क का कार्य शुरू करवाया गया है। इस सड़क की लंबाई 3.29 किलोमीटर है और यह सड़क 252.25 लाख रुपये की लागत से तैयार होगी। लालड़ (हंडेसरा रोड) से गांव मल्कपुर वाया फूलवाड़ी बायोटेक लिमिटेड तक सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया है, जो 1.92 किलोमीटर लंबा है और इस पर 154.71 लाख रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा गांव अंटाला की 0.77 किलोमीटर लंबी फिरनी का कार्य भी शुरू किया गया है, जिस पर 63.97 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त गांव नगला से बोह हरियाणा बॉर्डर तक तथा अंबाला-नारायणगढ़ रोड से बरटाना वाया रानीमाजरा से हमायूंपुर तक सड़कों के निर्माण कार्य की शुरुआत की गई है। इन सड़कों की कुल लंबाई 2.89 किलोमीटर है और इन दोनों पर 105.85 लाख रुपये खर्च होंगे। इसी क्रम में गांव छछरौली से गांव धर्मगढ़ तक सड़क तथा गांव मीरपुर की फिरनी का कार्य भी शुरू किया गया है। छछरौली से धर्मगढ़ तक बनने वाली सड़क की लंबाई 1.37 किलोमीटर होगी और इस पर 101.74 लाख रुपये खर्च होंगे, जबकि गांव मीरपुर की 0.99 किलोमीटर लंबी फिरनी 67.65 लाख रुपये की लागत से तैयार होगी। विधायक रंधावा ने कहा कि लोगों की आवागमन संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इन विकास कार्यों की शुरुआत की गई है। इसी कड़ी में सितारपुर से गांव रामगढ़ रुड़की तक 2.00 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया है, जिस पर 167.72 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा गांव सरसीणी से आलमगीर तक सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया है। इस सड़क की लंबाई 12.30 किलोमीटर है और यह सड़क 209.76 लाख रुपये की लागत से तैयार होगी। इसी तरह गांव आलमगीर से टेपला (घग्गर) तक 3.85 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य भी शुरू किया गया है, जिस पर 142.20 लाख रुपये खर्च होंगे। इन विकास कार्यों की आधारशिला रखने के बाद विधायक रंधावा ने कहा कि पंजाब सरकार गांवों के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है।

## भारत टैक्सी से जुड़े चालकों के लिए न्यूनतम आधार किराया तय होगा : अमित



» नई दिल्ली। एजेंसी

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि हाल ही में शुरू की गई सहकारी टैक्सी सेवा भारत टैक्सी अपने मंच से जुड़े सभी 'सारथियों' (चालकों) के लिए प्रति किलोमीटर न्यूनतम आधार किराया सुनिश्चित करेगी और इस दर से नीचे सेवा संचालित नहीं की जाएगी। शाह ने यहां भारत टैक्सी के सारथियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि मौजूदा टैक्सी एग्रीगेटर कंपनियों ने अपना मुनाफा बढ़ाने के लिए चालकों के लिए कोई आधार दर तय नहीं की है, जबकि भारत टैक्सी में ऑटो की लागत, पेट्रोल की खपत और न्यूनतम लाभ को जोड़कर बेस रेट निर्धारित किया जाएगा।

यह सेवा पारदर्शिता के सिद्धांत पर काम करेगी और किसी भी बदलाव की सूचना एक सप्ताह पहले सारथियों को मोबाइल पर दी जाएगी। अमित शाह ने कहा, "भारत टैक्सी में कुछ भी छिपा नहीं होगा। सारथियों को नोटिफिकेशन के ज़रिए हर जानकारी देने से 'भारत टैक्सी' दुनिया की सबसे पारदर्शी कैब सर्विस बनेगी। भारत टैक्सी सारथियों की मिनिमम वायबिलिटी के आधार पर एक बेसलाइन किलोमीटर रेट तय करके चलेगी।

## सपा में दिख रहा केवल परिवारवाद और अंर्तकलहः पंकज

» एजेंसी। लखनऊ

सपा मुखिया के दोनों डिप्टी सीएम को 100 विधायक लाकर सीएम बनने के प्रस्ताव पर भाजपा का पलटवार -प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बोले यह बयान विपक्ष की हताशा-निराशा और राजनीतिक दिवालिएपन के प्रतीक लखनऊ, विशेष संवाददाता। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा उपमुख्यमंत्री को 100 विधायक लाकर मुख्यमंत्री बनने संबंधी दिए गए बयान पर तीखा पलटवार किया है। पंकज चौधरी ने कहा है कि यह बयान विपक्ष की हताशा, निराशा और राजनीतिक दिवालियापन को दर्शाता है। समाजवादी पार्टी के नेताओं को अपनी पार्टी की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए, जहां लगातार जनाधार घट रहा है और संगठन कमजोर होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में अनुशासन, संगठन और नेतृत्व की स्पष्ट व्यवस्था है, जबकि सपा में केवल परिवारवाद और अंतर्कलह ही दिखाई देता है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जनता ने पूर्ण बहुमत देकर भाजपा की सरकार को जनसेवा के लिए चुना है। भाजपा सरकार विकास, सुशासन, कानून-व्यवस्था और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ काम कर रही है। विपक्ष के पास जनहित के मुद्दे नहीं बचे हैं, इसलिए वह इस तरह के अगंभीर और राजनीतिक रूप से अपरिपक्व बयान देकर सुर्खियां बटोरने का प्रयास कर रहा है।

## आरक्षण मुद्दे पर भागवत का बयान सराहनीय : डॉ. निर्मल

» एजेंसी। लखनऊ

भाजपा एमएलसी एवं अम्बेडकर महासभा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के विचारों का समर्थन किया है। उन्होंने है कहा कि आरक्षण के मुद्दे पर भागवत ने कहा है कि जब तक समाज में भेदभाव है, तब तक आरक्षण जारी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि खुशी की बात है कि दलित समाज में सक्षम लोग आरक्षण का लाभ नहीं ले रहे हैं। डॉ. निर्मल ने कहा कि भागवत ने सामाजिक एकता की दिशा में जो पहल की है, उससे आरक्षण के खिलाफ जिन लोगों में नफरत का भाव है, सच्चाई जानने के बाद उनमें ये भाव कम होगा और सामाजिक एकजुटता बढ़ेगी।

## भाजपा की सरकार जाने के बाद ही संविधान और लोकतंत्र बहाल होगाः अखिलेश

» एजेंसी। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के नाम विकास का एक भी काम दर्ज नहीं है। भाजपा का काम घोटाला करना ही रह गया है। भाजपा राज में भ्रष्टाचार चरम पर है। लोग मंहगाई और बेरोजगारी से परेशान है। लोग भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए बेसब्री से 2027 के विधानसभा चुनाव का इंतजार कर रहे है। भाजपा की सरकार जाने के बाद ही संविधान और लोकतंत्र बहाल होगा।



अभी कोंच में दो महीने भी नहीं बीते थे कि 23 लाख रुपए से बनी सीसी रोड उखड़ने लगी। महोबा के उखरा गांव में बनते ही सड़क की पर्तें उधड़ने लगी। इस सड़के के बनने पर 35 लाख रुपए खर्च का बजट है। पानी की टंकिया बनते ही भरभरा कर गिरने लगती है। भ्रष्टाचार में लिप्त जब कोई काम अपने हाथ में लेंगे तो उसका बबार्दी पहले से तय मानी जानी चाहिए।

उन्होंने कहा भाजपा राज में गड्ढ़ों का भी रिकार्ड बना है। कई बार दावे किए गए कि सड़के गड्ढ़ा मुक्त होगी। गड्ढे तो भरे नहीं गए उनके नाम पर बजट के वारे न्यारे अवश्यक हो गए। आज गड्ढ़ों में सड़क वाली स्थिति है। इन गड्ढ़ों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। कई मासूमों की जान डूबने से हो चुकी है। आगे आने वाले गड्ढों की वजह से कई वाहन सवार भी इनमें गिरकर चोटे खा चुके हैं। या अपनी जानें गवां बैठक है।

यादव ने कहा उत्तर प्रदेश में चारों तरफ हाहाकार मचा है। नौजवानों को नौकरियां नहीं मिल रही है। नौकरी मांगने पर लाठियां बरसती है। परीक्षाओं के होते ही उनके परिणामों पर या तो रोक लग जाती हैं या परीक्षाएं रूक जाती हैं। शिक्षकों का सम्मान नहीं भाजपा राज में आए दिन अपमान का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारी परेशान है, उनपर नए-नए कानून रोज सौंपे जा रहे है। अखिलेश यादव ने कहा कानून व्यवस्था के हालत तो और ज्यादा चिंतनीय है। हिरासत में मौतों में भारत नम्बर एक पर है। महिला सिपाही तक थानों सुरक्षित नहीं। महिलाओं और बच्चियों को दुष्कर्म की घटनाओं से अपमानित होना पड़ रहा है। लूट और छेड़छाड़ की घटनाएं कम नहीं हो रही है। भाजपा सरकार ने प्रदेश की शिक्षा-स्वास्थ्य को बर्बाद कर दिया है। सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या घटती जा रही है। अस्पतालों में न दवा है और नहीं इलाज है। बस झूठे आंकड़ों और मनगढ़ंत दावों के बल पर ही भाजपा सरकार चल रही है। भाजपा भूमाफियों की अवैध गतिविधियों की संरक्षक हैं भाजपा की डबल इंजन सरकारें हर मोर्चे पर विफल है।

# सम्पादकीय

## नये नियमों का सख्ती से पालन जरूरी

सुप्रीम कोर्ट की इस गंभीर चिंता से सहमत हुआ जा सकता है कि ठोस कचरे का निस्तारण एक पर्यावरणीय मुद्दा मात्र नहीं है बल्कि यह जन-स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के लिये भी गंभीर चुनौती है। निस्संदेह, जब हम विकसित भारत के व्यापक लक्ष्य हासिल करने की बात करते हैं तो नागरिक जीवन से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन भी एक अनिवार्य शर्त है। निस्संदेह, देश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एक बड़ी नागरिक चुनौती बनी हुई है। देश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र, कचरे के पहाड़ों से दबे लैंडफिल, अनुचित अपशिष्ट के अलग-अलग न होने तथा कचरे के प्रभावी निपटान की चुनौती से जूझ रहे हैं। ठोस कचरा निस्तारण से जुड़े नये नियम लागू होने से कुछ सप्ताह पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने देश में दशकों पुराने ठोस अपशिष्ट उपचार नियमों के अनुपालन में कोताही को लेकर चिंता व्यक्त की है। अदालत का मानना है कि बढ़ते कचरे का बोझ नागरिक जीवन की सुगमता को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर रहा है। वहीं दूसरी ओर अमृत यानी अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन तथा स्मार्ट सिटीज जैसी प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन में खामियों को उजागर किया है। यही वजह है कि न्यायालय ने समस्या की गंभीरता को महसूस करते हुए नियमों को सख्ती से लागू करने तथा स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों की जवाबदेही तय करने की बात कही है। सही मायनों में यह समय की भी जरूरत है। दरअसल, शीर्ष न्यायालय ने स्थानीय निकायों और निर्वाचित प्रतिनिधियों मसलन पार्षदों व कॉर्पोरेटरों को दायित्व दिया है कि वे क्षेत्र के नागरिकों में स्वच्छता व ठोस कचरे के निस्तारण हेतु जिम्मेदारी की भावना विकसित करने की पहल करें। जनजागरण से ही विकट होती समस्या के निस्तारण में मदद मिल सकती है। इस दिशा में नरमी की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। प्रारंभिक चरण में दायित्व निर्वहन में विफल रहने पर जुर्माना विकल्प हो सकता है। वहीं बार-बार नियमों का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई अपरिहार्य है। निस्संदेह, ऐसे मामलों में शून्य सहिष्णुता स्वच्छता और ठोस कचरे के निस्तारण में प्रभावी भूमिका निभा सकती है। साथ ही लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करना कर्तव्य की अनदेखी करने पर कड़ा संदेश दे सकती है। स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों तथा नागरिक कल्याण संगठनों के बीच बेहतर तालमेल भी इस दिशा में कारगर भूमिका निभा सकता है। आने वाले समय में भारत के आर्थिक विकास के साथ होने वाली उपभोग की वृद्धि और परिणामस्वरूप अपशिष्ट उत्पादन में वृद्धि होना स्वाभाविक ही है।

# जनता को परेशान किया तो नहीं बख्शे जाएंगे अधिकारी: जिलाधिकारी

» संवाददाता



गाजियाबाद। कलेक्ट्रेट में सोमवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने आम नागरिकों की समस्याएँ सुनकर संबंधित विभागों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा निर्माण विभाग से संबंधित अनेक शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप हर शिकायत का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए।

यदि कोई गरीब, असहाय या कमजोर व्यक्ति को परेशान करता पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी को जनहित और जनपद के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने बताया कि जनता के हितों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री स्तर से जनता दर्शन की निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में जनपद स्तरीय अधिकारी प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसुनवाई करेंगे और जूम के माध्यम से मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि शिकायतों का प्रभावी समाधान हो सके।जिलाधिकारी ने दिव्यांगजन कल्याण, शस्त्र लाइसेंस (विरासत), फैमिली आईडी, यूपीनेडा, पीएम सूर्य घर योजना, अवैध कब्जों के विरुद्ध अभियान तथा भूमाफियाओं पर कार्रवाई जैसे मामलों को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जनता दर्शन के दौरान संजयनगर निवासी विधवा महिला श्रीमती गीता ने अपने पति के निधन के बाद बच्चों के पालन-पोषण में आ रही कठिनाइयों की जानकारी दी।

उनकी स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि उन्हें पारिवारिक लाभ योजना, विधवा पेंशन, बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना सहित पात्र योजनाओं का लाभ दिलाया जाए तथा आवेदन प्रक्रिया में पूरी सहायता उपलब्ध कराई जाए। कार्यक्रम के दौरान विद्युत विभाग से संबंधित शिकायत पर जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पर लंबित मामलों की समीक्षा की और जूम के माध्यम से अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए ताकि जनता के बीच शासन-प्रशासन की सकारात्मक छवि बनी रहे। जनसुनवाई के दौरान एडीएम एल/ए अवनीश, एडीएम ई ज्योति मौर्य, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# डिजिटल मोड और स्व-गणना सुविधा से जुड़ेगा आम नागरिक



» संवाददाता

गाजियाबाद। जनगणना-2027 को लेकर प्रशासनिक तैयारियाँ तेज कर दी गई हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनगणना कार्य को सुचारू और समयबद्ध तरीके से सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों को संबोधित करते हुए एडीएम एफ/आर ने बताया कि भारत में जनगणना प्रत्येक दस वर्ष में आयोजित की जाती है। वर्ष 1872 से चली आ रही इस परंपरा के तहत आगामी जनगणना देश की 16वीं तथा स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी। यह गांव, शहर और वार्ड स्तर पर प्राथमिक आंकड़ों का एकमात्र विश्वसनीय स्रोत है, जो जनसांख्यिकी, शिक्षा, भाषा, धर्म, आर्थिक गतिविधि, प्रवास, शहरीकरण तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराता है। उन्होंने बताया कि जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी।

प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एच.एल.ओ.) 22 मई से 20 जून 2026 तक 30 दिनों की अवधि में संपन्न होगी। दूसरे चरण में जनसंख्या एवं जाति गणना 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक की जाएगी, जबकि 1 से 5 मार्च 2027 तक पुनरीक्षण दौर चलेगा। पहली बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल मोड में होगी और नागरिकों के लिए स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। जनपद में अनुमानित 7,914 प्रगणक ब्लॉक बनाए जाएंगे। इसके लिए लगभग 8,593 प्रगणक और 1,432 सुपरवाइजर तैनात किए जाएंगे। जनगणना कार्य हेतु चार मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है, जबकि 134 फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण मार्च माह में प्रस्तावित है।

### बंद फ्लैट में आग लगी

» संवाददाता

गाजियाबाद। कौशांबी थानाक्षेत्र स्थित एक फ्लैट में सोमवार सुबह आग लग गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। कौशांबी स्थित गोवर्धन अपार्टमेंट में 14वें तल पर अंकिता जायसवाल रहती हैं। वह सोमवार सुबह फ्लैट बंद कर अपने ऑफिस गई थी। सुबह 11 बजे के बाद अचानक फ्लैट से धुआं निकलता देखकर लोगों ने मेंटेनेंस टीम को बताया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल सिंह ने बताया कि सवा 11 बजे फ्लैट में आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल टीम पहुंची और आग को बुझाना शुरू किया। फ्लैट में रखा लगभग सभी सामान जल गया था।

### गुब्बारा और नींबू दौड़ में छात्रों ने दिखाया उत्साह

» संवाददाता

गाजियाबाद। वेव सिटी इकला स्थित पैरामाउंट लिटिल एंजल्स स्कूल में सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल संस्थापक दयावती देवी ने किया। इस दौरान अलग-अलग कक्षाओं में झंडा रेस, बाधा रेस, कलैक्शन रेस, गुब्बारा रेस, नींबू रेस, निडिल और थिरिड रेस, वन लैग रेस, साधारण रेस आदि प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

### सेवा योजना शिविर में किया श्रमदान

» संवाददाता

चांदीनगर। खट्टा प्रहलादपुर गांव के सेठ तारीफ सिंह जैन डिग्री कालेज में सोमवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में साफ-सफाई की। कार्यक्रम अधिकारी डा. सतेन्द्र कुमार ने कहा कि जीवन में साफ-सफाई का बहुत महत्व है। इसलिए अपने आस-पास गंदगी एकत्र न होने दें।

# जनपद को नशा-मुक्त बनाने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाए: विकास

» संवाददाता

गाजियाबाद। जिले में मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से एडीएम सिटी कार्यालय, कलेक्ट्रेट में सोमवार को नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता एडीएम सिटी विकास कश्यप ने की। एडीएम सिटी ने कहा कि जनपद में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार, खरीद-फरोख्त और ड्रग तस्करी के विरुद्ध अभियान को और अधिक तेज करने की आवश्यकता है। उन्होंने सतर्कता एवं इंटेलिजेंस तंत्र को मजबूत करने तथा अंतर्राज्यीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद की सुरक्षा और विकास के लिए सीमा प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे अभियान के रूप में लागू किया जाना चाहिए।

एडीएम सिटी ने सभी विभागों को बेहतर समन्वय स्थापित कर ड्रग माफियाओं के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों, अस्पतालों और सार्वजनिक स्थलों पर नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर जोर दिया। साथ ही विद्यालयों के आसपास गुटखा, सिगरेट आदि की बिक्री पर रोक लगाने तथा छात्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए वाद-विवाद, चित्रकला, स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश दिए। जीआरपी, आरटीओ और परिवहन विभाग को रेलवे स्टेशन एवं बस अड्डों पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया ताकि नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों को पकड़ा जा सके। ड्रग इंस्पेक्टर को मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण कर बिना लाइसेंस नारकोटिक्स रखने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही कोडीन की अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा गया। यूपीएसआरटीसी गाजियाबाद के अधिकारियों को बस स्टॉप और बस स्टैंड के आसपास मादक पदार्थों की बिक्री रोकने हेतु दिशा-निर्देशों को पुलिस और संबंधित विभागों के साथ साझा करने को कहा गया।

# संत गाडगे बाबा को जयंती पर किया नमन

» संवाददाता

बागपत। जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय परिसर में संत गाडगे बाबा की जयंती मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्पार्पित कर नमन किया। सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव उनके जीवन पर प्रकाश डाला और पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया। बताया कि संत गाडगे बाबा एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले समाज सुधारक थे। उन्होंने गरीबों और दलित के बीच जाकर अज्ञानता, अंधविश्वास और अस्वच्छता के उन्मूलन के लिए कार्य किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी मजदूर सभा महबूब मलिक ने किया। इस दौरान सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, रवि शंकर शर्मा, राहुल यादव, आसुद्दीन सिद्दीकी, रामफल उपाध्याय, कविता गोस्वामी, रीना देवी आदि मौजूद रहे।

# जनविश्वास और सुरक्षा को मिला नया आधार

» संवाददाता

गाजियाबाद। बदलते समय के साथ पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने की दिशा में गाजियाबाद पुलिस लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में गाजियाबाद पुलिस ने इन्दिरापुरम थाने को आधुनिक सुविधाओं, डिजिटल तकनीक और जन-सुलभ सेवाओं से सुसज्जित कर एक नए मॉडल के रूप में विकसित किया है। यह पुनर्विकास न केवल पुलिसिंग को मजबूत करेगा बल्कि नागरिकों को सम्मानजनक और सुविधाजनक वातावरण भी प्रदान करेगा। सोमवार को पुलिस आयुक्त जे. रविन्दर गौड ने नवीनीकृत इन्दिरापुरम थाने का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। यह पहल पुलिस आयुक्त की दूरदर्शी कार्यशैली और आधुनिक पुलिसिंग व्यवस्था को लागू करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था/यातायात) राज करन नैय्यर, एडिशनल पुलिस कमिश्नर मुख्यालय एवं अपराध केशव कुमार चौधरी, डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल, डीसीपी देहात सुरेन्द्रनाथ तिवारी, डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन, एसीपी कोतवाली उपासना पाण्डेय, एसीपी साहिबाबाद श्वेता कुमारी यादव, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद, एसीपी ट्रैफिक रितेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

नवीनीकृत थाने में नागरिकों के लिए आधुनिक प्रतीक्षालय बनाया गया है, जहाँ स्वच्छ, व्यवस्थित और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराया गया है।

# रैपिड सवार होते ही लगे भारत माता की जय के नारे

» संवाददाता

मेरठ। मोदीपुरम से दिल्ली के सराय काले खां तक अब नमो भारत का संचालन आरंभ हो गया है, मेरठ को भी मेट्रो की सौगात मिल गई है। दिल्ली से वेस्ट यूपी के मेरठ तक अब सफर आसान हो गया है। यात्रा कर रहे लोगों की नब्ज टटोली और उनसे इस सौगात के बारे में बात करने पर क्या कुछ बोले युवा,व्यापारी, नेता और कारोबारी. मेरठ -हापुड़ संसदीय क्षेत्र से सांसद अरुण गोविल भी अपने रक्षापुरम स्थित आवास से बेगमपुल स्टेशन पहुंचे।



इस दौरान उनकी धर्मपत्नी श्रीलेखा भी उनके साथ थीं। दोनों ने नमो भारत में यात्रा की। हालांकि भीड़ बहुत ज्यादा होने की वजह से उन्हें सीट नहीं मिल पाई, यात्रियों ने उनके लिए सीट ऑफर भी की, उन्होंने अभिवादन स्वीकार करते हुए खडे रहकर ही दिल्ली की ओर यात्रा की। सांसद अरुण गोविल ने खास बातचीत में कहा कि मेट्रो और नमो भारत के चलने से अब मेरठ ही नहीं समूचे वेस्ट नियुक्ति का सर्वांगीण विकास होगा। इससे युवाओं को आसानी होगी महिलाओं को आसानी होगी, व्यापार करना आसान हो जाएगा वही उद्योग को बढ़ावा मिलेगा खास तौर से भारत सिटी में स्पोर्ट्स इंडस्ट्री को इससे काफी लाभ होगा। सांसद अरुण को पहले बताया कि आज उनकी दिल्ली में स्टैंडिंग कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप भविष्य में जब भी उन्हें दिल्ली जाना होगा तो मेरठ से निश्चित थी आरआरटीएस का इस्तेमाल भी करेंगे।

सांसद और अभिनेता अरुण गोविल की पत्नी श्रीलेखा ने बताया कि वह कभी 45 साल पहले ट्रेन में बैठी थी उसके बाद आज पहली बार किसी ट्रेन में बैठी है और यह उनके लिए भी सौभाग्य की बात है कि उन्हें नमो भारत में बैठकर सफर करने को मिल रहा है। वह बेहद ही सरप्राइज्ड है। उन्होंने उन्होंने कहा कि आज से पहले कभी किसी मेट्रो ट्रेन में उन्होंने यात्रा नहीं की, पहली बार नमो ट्रेन में बैठी हैं, बीते 45 साल से कभी ट्रेन में सफर नहीं किया। उन्होंने कहा कि है उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे कोई बड़ा उत्सव आज है। अरुण गोविल बोले मोदी और योगी का धन्यवाद करना चाहते हैं कि उन्हें भी काफी लंबे समय अंतराल के बाद आज इस तरह से अपनी धर्मपत्नी के साथ रेपिड ट्रेन से सफर करने का अवसर मिला है।

दिन निकलते ही सबसे पहले राज्यसभा सांसद डॉक्टर लक्ष्मीकांत वाजपेई अपनी पत्नी के साथ मेरठ से दिल्ली के लिए रवाना हुए और उन्होंने इस यात्रा को लेकर अपना अनुभव भी साझा किया। बातचीत में राज्यसभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने बताया कि वह मेरठ स्थित अपने मोहनपुरी आवास से अपने दिल्ली अशोका रोड स्थित आवास पर डेढ़ घंटे से अधिक समय में एक्सप्रेसवे से पहुंचते थे, वहीं आज उनकी ये दूरी और भी घट गई. बाजपेयी ने बताया की महज 63 मिनट में अपने मेरठ के घर की चौखट से दिल्ली स्थितचौखट पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि सामान्य जनता और युवाओं के साथ नौकरी -पेशा लोगों के साथ बैठकर संवाद करते हुए आने का आनंद और भी दुगना हो गया था।

प्रदेश सरकार में ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर भी इस दौरान बेगमपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी मौजूद थे। मंत्री सोमेंद्र तोमर ने भी नमो भारत से यात्रा की. बातचीत में डा. सोमेन्द्र तोमर पीएम मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया, साथ ही कहा कि यह एक बड़ी सौगात अब मेरठ और यूपी वेस्ट को मिल गई है, इससे निश्चित ही अब विकास की रफ्तार बढ़ जाएगी. इसका फायदा सिर्फ मेरठ को ही नहीं आसपास के जिलों के नागरिकों को भी होगा। उद्योग को बढ़ाओ मिलेगा वही जो युवा बाहर नौकरी करते हैं उन्हें इससे बहुत ही सहूलियत होगी।

## कैंट विधायक ने नमो भारत में मनाया अपना जन्म दिन

» संवाददाता

मेरठ। मेरठ के जनप्रतिनिधियों ने नमो भारत ट्रेन में यात्रा का सुखद आनंद लिया। वही कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने नमो भारत में अपना जन्म दिन मनाया। इस दौरान उनके प्रशसकों ने उन्हें केक खिलाकर उनको जन्म दिन की मुबारक बाद देते हुए लंबी उम्र की कामना की। इसी ऐतिहासिक अवसर पर आज मेरठ कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ मेरठ से मोदीनगर तक नमो भारत रैपिड रेल में यात्रा कर इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का साक्षात्कार किया। यात्रा के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा इस अत्याधुनिक सेवा के माध्यम से क्षेत्र को मिलने वाले दीर्घकालिक लाभों पर विस्तार से चर्चा की। यात्रा के दौरान अमित अग्रवाल जी ने ट्रेन में उपस्थित नागरिकों से आत्मीय संवाद स्थापित किया। उन्होंने यात्रियों से सेवा की गुणवत्ता, सुविधाओं और सुझावों पर चर्चा की। नागरिकों ने नमो भारत रैपिड रेल को विश्वस्तरीय सुविधा बताते हुए सरकार के इस प्रयास की मुक्त कंठ से सराहना की। जनप्रतिनिधि द्वारा सीधे संवाद कर प्रतिक्रिया प्राप्त करने की पहल की भी व्यापक प्रशंसा हुई। आज मेरठ में अमित अग्रवाल का जन्मदिन बड़े ही सादगीपूर्ण एवं आत्मीय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शुभकामनाओं, स्नेह एवं आशीर्वाद के लिए श्री अमित अग्रवाल जी ने सभी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी, महापौर हरिकांत अहलूवालिया एवं एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज सहित अनेक सम्मानित जनप्रतिनिधि, सहयोगी एवं कार्यकर्ता उनके निजी निवास स्थान पर पहुंचे और केक काटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। सभी ने उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल सार्वजनिक जीवन की कामना की।

## शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी भीषण आग

» संवाददाता

मेरठ। देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। लिसाड़ी गेट क्षेत्र के किदवईनगर में मौजूद कपड़ा कारोबारी के मकान में आग लगने से पुत्रवधू समेत पांच पोते और पोतियों समेत छह की मौत हो गई। दो अन्य लोग भी गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद अफरातफरी मच गई। सामने वाले मकान से सीढ़ी लगाकर सभी लोगों को बाहर निकाला गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और किसी तरह दो घंटे बाद आग को काबू किया गया। डीएम और एसएसपी घटनास्थल पर रात को ही पहुंच गए। शॉर्ट सर्किट और सिलेंडर लीक होने से आग लगना बताई जा रही है। किदवई नगर गली नंबर 3 में रेडीमेड कपड़ों के कारोबारी इकबाल का मकान है। तीन मंजिला मकान में नीचे के हिस्से में गोदाम बनाया हुआ है, जबकि ऊपर की दोनों मंजिल पर इकबाल की पत्नी बानो समेत पांच बेटे फारुक, डॉक्टर इरशाद, रिजवान, आसिम और सद्दाम परिवार के साथ रहते हैं। सोमवार रात परिवार के पुरुष मस्जिद गए हुए थे। रात करीब 9:00 के आसपास मकान में अचानक आग लग गई। इस दौरान नीचे बने गोदाम में रखे कपड़ों का स्टॉक जलने लगा और पूरे मकान में धुआं भर गया। आग की लपटों से सीढ़ियां भी घिर गई और नीचे उतरने का रास्ता बंद हो गया। यह देख चीखपुकार मच गई और लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

## कबीर-देव और श्रेयांश व ध्रुव के बीच होगा सब जूनियर वर्ग का फाइनल

» संवाददाता

मेरठ। गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी में चल रहे 16वें अरुण शुक्ला मेमोरियल डबल विकेट क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को सब जूनियर और जूनियर वर्ग के सेमीफाइनल मैच हुआ। इसमें सब जूनियर वर्ग में कबीर व देव, श्रेयांश व ध्रुव की जोड़ी ने मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई। जूनियर वर्ग में अभय-कृष्ण व रिहान व ध्रुव के बीच फाइनल मैच खेला जाएगा। सब जूनियर वर्ग में कबीर जैन व देव शर्मा का मुकाबला श्रेयांश व ध्रुव के बीच होगा। सोमवार को जूनियर वर्ग में हुए पहले सेमीफाइनल मैच में कृष्ण व अभय ने धैर्य व कार्तिक को हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल मैच में रिहान व ध्रुव की जोड़ी ने दिव्य व आरोहन को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मंगलवार को दोनों वर्ग के फाइनल मैच खेले जाएंगे। समापन दोपहर 3:30 बजे होगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि एसपी सिटी राघवेंद्र मिश्र खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। टूर्नामेंट के आयोजन में यश करन सिंह सालवान, हिमांशु शर्मा, राहुल सिंह, रजनी, पूजा आदि का विशेष योगदान रहा। उन्होंने बताया कि समापन पर सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

## मानव के आचार विचार के ऊपर ही भारतीय संस्कृति टिकी हुई हैः भूषण

» संवाददाता

मेरठ। कैलाश पर्वत रचना के मुख्य जिनालय में चल रहे 48 दिवसीय भक्तामर विधान एवं पाठ के 15 वें दिन रविवार को सर्वप्रथम मंगलाष्टक सकलीकरण के पश्चात मंत्रोच्चारण पूर्वक भगवान आदिनाथ का अभिषेक के साथ शांतिधारा की मांगलिक क्रियाएं की गईं। स्वर्ण कलश से अभिषेक डॉ. सुधीर जैन एवं शांतिधारा रविन जैन, लोकेश जैन ने की। दीप प्रज्ज्वलन दीप्ति जैन, निकिता जैन ने किया। रविवार को विधान पाठ के मध्य आचार्य भाव भूषण जी महाराज ने कहा कि मानव के आचार विचार के ऊपर ही भारतीय संस्कृति टिकी हुई है।

## करके सीखो के तहत पॉटरी कार्यशाला का आयोजन

» संवाददाता

मेरठ। एलेक्जैंडर पब्लिक स्कूल में "करके सीखो" के तहत पॉटरी गतिविधि आयोजित की गई। जिसमें मेक इन इंडिया पहल से प्रेरित रचनात्मक गतिविधि के अंतर्गत पॉटरी (मिट्टी कला) कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम Make in India अभियान की भावना से प्रेरित था, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में कौशल विकास, आत्मनिर्भरता और भारतीय पारंपरिक कला के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है। विद्यालय के निदेशक सचिन शर्मा एवं प्रधानाचार्य विकस प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का संचालन प्रसिद्ध मिट्टी कलाकार हरि किशन जी के द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को चाक पर बर्तन बनाने की विधि, मिट्टी को आकार देने की तकनीक तथा पारंपरिक हस्तशिल्प की बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने मिट्टी से विभिन्न उपयोगी एवं सजावटी वस्तुएँ जैसे दीये, गमले और कलात्मक प्रतिमाएँ बनाईं।

## खुशहाल परिवार विषय पर एक विशेष परामर्श कार्यशाला का आयोजन

» संवाददाता

मेरठ। बेटियां फाउंडेशन मेरठ द्वारा "सुखी दांपत्य – खुशहाल परिवार" विषय पर एक विशेष परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पति-पत्नी के बीच संवाद, विश्वास और आपसी सम्मान को मजबूत करना था। राष्ट्रीय महिला आयोग के तेरे मेरे सपने सेंटर की काउंसलर कुसुम शर्मा ने बताया कि स्वस्थ संवाद और जिम्मेदारी की साझेदारी से परिवार में सकारात्मक वातावरण बनता है। दांपत्य जीवन के साथ सूत्र हैं संवाद और सुनना, सम्मान और विश्वास, गुस्से पर नियंत्रण, आर्थिक पारदर्शिता, परिवार और सीमाएं, जिम्मेदारी की साझेदारी, समय और स्नेह, यदि इन सब बातों का ध्यान पति पत्नी रखेंगे तो परिवार खुशहाल रहेगा



कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओ ने अपने अनुभव साझा किए, खुलकर अपनी बात रखी और सीखा कि छोटी-छोटी गलतफहमियां संवाद के माध्यम से सुलझाई जा सकती है और सुखद पारिवारिक जीवन के लिए संकल्प लिया। संस्था का मानना है कि मजबूत परिवार ही मजबूत समाज की नींव है।

संस्था अध्यक्ष अंजु पाण्डेय ने कहा कि पति-पत्नी का रिश्ता सिर्फ दो व्यक्तियों का नहीं, दो परिवारों और आने वाली पीढियों का आधार होता है आज हम सब यहां इस रिश्ते को और मजबूत बनाने का संकल्प लेते हैं रिश्ता वही मजबूत होता है, जहाँ संवाद हो, सम्मान हो और विश्वास हो। आज हमारी संस्था द्वारा "सुखी दांपत्य - खुशहाल परिवार" कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें दंपतियों ने आपसी समझ और सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया।

समूह द्वारा चर्चा की गई जिससे पता लगा कि परिवार में झगड़े की सबसे बड़ी वजह क्या होती है और समाधान के लिए पहला कदम क्या होना चाहिए"इस कार्यशाला में अमिता अरोड़ा, कुसुम मित्तल, सचिव शिवकुमारी गुप्ता, विनीता तिवारी, सुधा अरोड़ा, लक्ष्मी बिंदल, नीरा गुप्ता, संतोष भारद्वाज,मंजुला शर्मा, बबीता कटारिया आदि का सहयोग रहा।

## महावीर विवि में 'प्रारम्भ 2K26' का भव्य आयोजन

» संवाददाता

मेरठ। महावीर विश्वविद्यालय, मेरठ में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु 'प्रारम्भ 2K26' कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय कुलपति डॉ. सर्वोतम दीक्षित, डीन फैकल्टी ऑफ कंप्यूटर साइंस डॉ. अमित सिंघल एवं डीन फैकल्टी ऑफ फार्मेसी डॉ. श्वेता गोयल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, खेल गतिविधियों एवं रचनात्मक आयोजनों ने वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आयोजन समिति एवं संचालन टीम के समन्वित प्रयासों से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।



## पलवल में विदेशी भाषाओं पर विशेष सत्र, विशेषज्ञों ने बताए रोजगार के व्यापक अवसर

» एजेंसी। पलवल

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में स्कूली विद्यार्थियों को विदेशी भाषाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जर्मन, जापानी और फ्रेंच भाषाओं पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी संकाय के स्किल डिपार्टमेंट ऑफ लैंग्वेज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विशेषज्ञों ने विदेशी भाषाओं में रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। डीन प्रोफेसर सुचित्रा वशिष्ठ ने उद्घाटन सत्र में शनिवार को कहा कि भाषा किसी भी संस्कृति की पहचान होती है और वर्तमान समय में विदेशी भाषाएं करियर निर्माण का सशक्त माध्यम बन चुकी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में दाखिला लेकर विदेशी भाषाओं में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया और बताया कि विश्वविद्यालय के साथ अनेक बड़े औद्योगिक साझेदार जुड़े हुए हैं, जिससे विद्यार्थियों को ऑन जॉब ट्रेनिंग के अवसर भी मिलते हैं। अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर विक्रम सिंह ने सत्र की अध्यक्षता करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और विशेषज्ञों का स्वागत किया।

# राजनीतिक बेईमानी और भ्रष्टाचार से अर्जित काले धन से बनी है बीजेपी सरकार: दीपेन्द्र

» एजेंसी। हांसी

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने आज नारनौंद में नवनिर्मित कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन किया और अनाज मंडी में आयोजित विशाल रैली को संबोधित किया। इस दौरान सांसद जय प्रकाश 'जेपी' व सांसद सतपाल ब्रह्मचारी उपस्थित रहे। रैली में उमड़े जनसैलाब से उत्साहित सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में राजनीतिक बेईमानी, साम दाम दंड भेद, भ्रष्टाचार से अर्जित काले धन के मैनेजमेंट से बीजेपी सरकार बनी है और जो सरकार काले धन के मैनेजमेंट से बनी हो, वो जनता की परवाह नहीं करती। जनता के खिलाफ चलने वाली बीजेपी सरकार के पास तंत्र, यंत्र, षड्यंत्र का बल है, धनबल है लेकिन हमारे पास जनता का दिया हौसले का बल है। म्हारा हौसला थारे से है और थारा हौसला म्हारे से है। भाजपा के षड्यंत्र में वो सभी शामिल थे जो पर्दे के पीछे भाजपा से मिले हुए थे। बीजेपी की बी टीम इनेलो, जेजेपी का एक ही लक्ष्य था कि किसी तरह कांग्रेस की वोट में सेंध लगाएं। लेकिन, षड्यंत्रकारियों का सारा सच धीरे-धीरे जनता के सामने आ गया। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, पूर्व मंत्री गोपाल कांडा के वायरल हुए वीडियो ने इस बात को स्पष्ट कर दिया कि कांग्रेस को रोकने के लिये इनेलो, जेजेपी भी बीजेपी से मिले हुए थे। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि कालेधन की शक्ति को नारनौंद ने जनशक्ति से हराने का काम किया। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने जनता से पूछा कि क्या वो जनविरोधी बीजेपी सरकार के खिलाफ संघर्ष के लिए तैयार हैं तो जनता ने दोनों हाथ उठाकर उनका साथ देने का वायदा किया। भीड़ के उत्साह को देखकर दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि लड़ाई के लिये आप तैयार हैं तो हम भी तैयार हैं, हरियाणा में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने तक चैन से नहीं बैठेंगे। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, पलायन, अपराध, नशाखोरी हरियाणा में है। हरियाणा का नौजवान कहां जाए। इंटरनेशनल एयरपोर्ट, रेल कोच फैक्ट्री, रक्षा विश्वविद्यालय जैसे बड़े-बड़े प्रोजेक्ट हमने मंजूर कराए वो हरियाणा से बाहर के प्रदेशों में चले गये। एचपीएससी में जो भर्तियां आती हैं उसमें भी हरियाणा के बाहर के बच्चे लग रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी पंजाब में जाकर पंजाब को अपराध मुक्त करने और पंजाब को विकास में नंबर 1 बनाने की बात कह रहे हैं। जबकि उनको हरियाणा की जनता ने वोट दिया है तो हरियाणा को नंबर 1 बनाना चाहिए हरियाणा को पहले अपराध मुक्त बनाना चाहिए। लेकिन आज गली चौराहे तक पर दनादन गोलियां चल रही हैं। उन्होंने आगे कहा हरियाणा में जनभावना से बनी हुई सरकार नहीं है, क्योंकि जनभावना बदलाव की थी। विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी को अपना तक मुख्यमंत्री बदलना पड़ा। अगर अच्छा काम किया होता तो मुख्यमंत्री को नहीं बदलना पड़ता। चुनाव के पहले सारे ओपिनियन पोल, सारे सर्वे में कांग्रेस पार्टी की बड़ी जीत दिखायी जा रही थी। सुबह जब गिनती शुरु हुई तो पोस्टल बैलट में भी कांग्रेस आगे थी। हरियाणा का इतिहास है कि जो पोस्टल बैलट में आगे रहता है सरकार उसी की बनती है।



## पीएम ने ट्राइसिटी रिंग रोड परियोजना के लिए 1,463.95 करोड़ की मंजूरी दी

» एजेंसी। जीरकपुर

संजीव खन्ना, प्रदेश सचिव एवं भारतीय जनता पार्टी डेराबस्सी इकाई के नेता ने गुरुवार को ट्राइसिटी रिंग रोड परियोजना के लिए 1,463.95 करोड़ की मंजूरी देने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया। जारी बयान में संजीव खन्ना ने कहा कि स्वीकृत राशि का उपयोग ट्राइसिटी रिंग रोड परियोजना के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग-205ए (अंबाला-चंडीगढ़ खंड से जीरकपुर बाइपास तक) पर छह-लेन ग्रीनफील्ड स्पर के निर्माण के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना ट्राइसिटी क्षेत्र-चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला-में भारी यातायात जाम से बड़ी राहत प्रदान करेगी। इससे न केवल परिवहन व्यवस्था सुगम होगी, बल्कि क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। संजीव खन्ना ने आगे कहा कि छह-लेन ग्रीनफील्ड स्पर से हिमाचल प्रदेश, विशेषकर शिमला के लिए तेज और निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना सड़क सुरक्षा में सुधार लाएगी और प्रदूषण स्तर को कम करने में भी मददगार साबित होगी, जिससे आम नागरिकों के लिए यात्रा अधिक सुविधाजनक बनेगी। इसे विश्वस्तरीय अवसंरचना पहल बताते हुए उन्होंने कहा कि यह परियोजना पंजाब के विकास को नई गति देगी।

# संगठन के प्रति समर्पण की मिसाल

## नीरज सेठी का दिल्ली से हरियाणा तक का विजयी सफर

» एजेंसी। रोहतक

राजनीति में ऊंचाइयों को छूने के लिए केवल पद की लालसा नहीं, बल्कि जमीन पर पसीना बहाने का जज्बा चाहिए। शिवसेना के वरिष्ठ नेता नीरज सेठी जी का जीवन इसी जज्बे की जीती-जागती कहानी है। देश की राजधानी दिल्ली की गलियों से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाले सेठी आज हरियाणा में शिवसेना के मुख्य चेहरे के रूप में उभरे हैं। दिल्ली में नींव और सांगठनिक कौशल नीरज सेठी ने अपने राजनीतिक सफर का बड़ा हिस्सा दिल्ली में बिताया। दिल्ली राज्य प्रमुख के रूप में उनके कार्यकाल को आज भी याद किया जाता है। उन्होंने न केवल संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया, बल्कि जनहित के मुद्दों पर प्रशासन के खिलाफ मुखर होकर आवाज उठाई। उनकी कार्यशैली से प्रभावित होकर शिवसेना नेतृत्व ने उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपने का मन बनाया।

नया आगाज हरियाणा: एक नई चुनौती, एक नया आगाज - जब शिवसेना ने हरियाणा में अपने विस्तार की योजना बनाई, तो नेतृत्व की पहली पसंद नीरज सेठी बने। उन्हें हरियाणा राज्य प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई, जो उनके लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं थी।

चुनौती: हरियाणा की राजनीति मुख्य रूप से क्षेत्रीय दलों और जातिगत समीकरणों के इर्द-गिर्द घूमती है। सेठी की रणनीति: उन्होंने जातिवाद से ऊपर उठकर 'हिंदुत्व' और 'विकास' को अपना हथियार बनाया। उन्होंने राज्य के हर जिले का दौरा कर कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा।

उल्लेखनीय कार्य और उपलब्धियां- हरियाणा राज्य प्रमुख के रूप में नीरज सेठी के अब तक के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण बदलाव देखे गए हैं:

युवाओं को मौका: सेठी ने राज्य कार्यकारिणी में युवाओं को प्राथमिकता दी, जिससे पार्टी की ऊर्जा में वृद्धि हुई।



## सैंपल पेपर से निखरेगा छात्रों का प्रदर्शन

» एजेंसी। गुरुग्राम

मार्च परीक्षा से पहले जिले के सरकारी स्कूलों में तैयारी तेज कर दी गई है। शिक्षा विभाग ने बाल वाटिका और प्राथमिक कक्षाओं के लिए मॉडल व सैंपल पेपर भेजे हैं, ताकि बच्चे परीक्षा पैटर्न से परिचित हो सकें। 16 से 25 मार्च तक आयोजित होने वाली परीक्षाओं को देखते हुए स्कूलों में अतिरिक्त अभ्यास सत्र शुरू कर दिए गए हैं। शिक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे रोजाना अभ्यास प्रश्नपत्र हल करवाएं और कमजोर छात्रों की अलग से कक्षाएं लें। निपुण लक्ष्य को हासिल करने के लिए बुनियादी पढ़ना-लिखना और गणित कौशल पर विशेष फोकस किया जा रहा है। कक्षा के बाद रिवीजन वर्कशीट और होम असाइनमेंट भी दिए जा रहे हैं, ताकि घर पर भी अभ्यास जारी रहे। अभिभावकों को भी स्कूल स्तर पर जागरूक किया जा रहा है। बैठक के जरिए बताया गया है कि बच्चों की नियमित उपस्थिति और घर पर अभ्यास बेहद जरूरी है।

# ए.के.एस. 1, 2, 3 को बनाया जाएगा साफ-सुथरा और आधुनिक वार्ड : रंधावा

» एजेंसी। ज़ीरकपुर

हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने नगर काउंसिल जीरकपुर में शहरवासियों को आ रही समस्याओं से राहत दिलाने और विकास कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से वार्ड नंबर 27 के ए.के.एस. 1, 2, 3 में कुल 1 करोड़ 92 लाख 47 हजार रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की शुरुआत करवाई। इन कार्यों का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में जल निकासी प्रणाली को मजबूत करना तथा गलियों और सड़कों की स्थिति में सुधार लाना है। विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए विधायक रंधावा ने बताया कि मंजूर किए गए कार्यों में वार्ड नंबर 27 के ए.के.एस. 1, 2, 3 में स्टॉर्म सीवर पाइपलाइन बिछाना, गलियों का निर्माण और मरम्मत, पार्क के लिए ट्यूबवेल तथा इंटरलॉक टाइलों का काम शामिल है। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि पंजाब सरकार शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी कार्य जल्द शुरू कर निर्धारित समय के भीतर पूरे किए जाएंगे। हलका डेराबस्सी के विकास को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाते हुए इसे मॉडल हलका बनाया जाएगा और जीरकपुर शहर को पूरी तरह साफ-सुथरा और सुंदर बनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का एक-एक पैसा ईमानदारी से जनता और राज्य के विकास पर खर्च किया जाए। विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।




## शादी से लौट रहे युवकों पर नकाबपोशों का कहर

» एजेंसी। पलवल

शादी समारोह से लौट रहे चार युवकों पर नकाबपोश बदमाशों ने हमला करने का मामला सामने आया है। बदमाशों ने उनकी कार को जबरन रुकवाकर लोहे की रॉड, बेसबॉल डंडों और हथौड़ों से हमला किया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हमलावर पांच हजार रुपये लूटकर मौके से फरार हो गए। कैंप थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कैंप थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल ने सोमवार को बताया कि मिंडकौला गांव निवासी देवेंद्र ने इस संबंध में शिकायत दी है। शिकायत के अनुसार 21 फरवरी को उसकी चचेरी बहन की शादी असावटा मोड़ स्थित कालड़ा फार्म हाउस में थी। देर रात वह अपने चचेरे भाई दीपक, बुआ के बेटे सुरेंद्र निवासी कोटवन (उत्तर प्रदेश) और दोस्त रोहित के साथ टोयोटा लीवा कार में घर लौट रहा था। देवेंद्र के मुताबिक, जब उनकी कार कुशालीपुर फ्लाईओवर के पास पहुंची तो एक बिना नंबर की थार ने आगे गाड़ी लगाकर रास्ता रोक लिया।

# श्रवण कुमार के देश में वृद्धाश्रमों की संख्या बढ़ रही: कौशिक

» एजेंसी। गुरुग्राम

सोहना चौक स्थित ओल्ड ज्यूडिशियल कॉम्पलेक्स में 11 दिवसीय शिवमहापुराण कथा का रविवार को समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन प्रवचन में गौतीर्थ तुलसी तपोवन गौशाला वृंदावन के संचालक कौशिक महाराज ने माता-पिता की सेवा में दो ही नाम सर्वोपरि हैं-राम और श्रवण कुमार बताया। राम ईश्वर हैं और श्रवण कुमार साधारण इंसान हैं। श्रवण कुमार का नाम माता-पिता की सेवा के उदाहरण के रूप में सबसे पहले लिया जाता है। दुख की बात है कि श्रवण कुमार के इस देश में वृद्धाश्रमों की संख्या बढ़ रही है। घर में वृद्धों को सम्मान नहीं मिल रहा। यह हमारी संस्कृति नहीं है। इसलिए माता-पिता की सेवा से पीछे ना हटें। माता-पिता, गुरु की जो सेवा करेगा, उसे दुनिया सम्मान देगी। प्रवक्ता अनिल शास्त्री ने महाराज ने 11 दिनों में गुरु द्रोण की नगरी को शिव की नगरी बना दिया। गुरुग्राम की धरती से देश-दुनिया को शिव की महिमा सुनाकर ज्ञानवर्धन किया। कौशिक महाराज ने कहा कि वे जहां भी दीक्षा देते हैं, वहां बार-बार आते हैं। उन्होंने गुरुग्राम में दीक्षा दी है तो यहां बार-बार आएंगे ही। माता-पिता के चरण छूने भर से शिवलिंग पर एक लोटा जल चढ़ाने का फल मिलता है। उन्होंने कहा कि हर माता-पिता अपने बच्चों को बचपन से ही धर्म से जोड़ें। उन्हें धार्मिक बनाएं।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक रंजीत सिंह ने युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ-250001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय : म0स0 1 सतीश चंद्र भवन, रिठानी पूठा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, मेरठ-250103 (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादक : रंजीत सिंह आरएनआई नं0 UPHIN2001/03844